डी. ए. वी. पब्लिक स्कूल, वेलचेरी, चेन्नई – 42

आभासी विश्व विज्ञान दिवस 2021

डी. ए. वी. पब्लिक स्कूल, वेलचेरी, चेन्नई द्वारा 10 नवंबर 2021 को गूगल मीट प्लेटफॉर्म के माध्यम से विश्व विज्ञान दिवस मनाया गया, जिसे यू ट्यूब पर लाइव स्ट्रीम किया गया। ''विज्ञान किसी देश को नहीं जानता क्योंकि ज्ञान मानवता का है, यह वह मशाल है जो हमारी दुनिया को रोशन करती है।''

कार्यक्रम की शुरुआत दिव्य गायत्री मंत्र से हुई। इस वर्ष विश्व विज्ञान दिवस का विषय था – 'जलवायु के लिए तैयार समुदायों का निर्माण'। विद्यार्थियों ने महान चरमोत्कर्ष पर विज्ञान की अवधाराणाओं को रोचक गतिविधियों तथा मज़ेदार विज्ञान ट्रिक्स द्वारा दर्शकों को प्रेरित किया। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए छात्र–छात्राओं ने एनिमेटेड वीडियो के माध्यम से कुछ प्राचीन प्रथाओं और दादी के घरेलू उपचारों को चित्रित किया और हमें समझाया कि हम अपने दैनिक जीवन में जिन छोटी प्रथाओं का पालन करते हैं, वे कितनी महत्त्वपूर्ण एवं उपयोगी हैं।

विद्यार्थियों ने पॉवर पॉइंट प्रस्तुति द्वारा ग्रीन क्रैकर्स, जैव रोशनी आदि विज्ञान के नवाचारों के बारे में लोगों को अवगत कराया जो ज्ञानवर्धक रहा। कार्यक्रम की अगली कड़ी में 2021 के नोबेल पुरस्कार विजेताओं पर एक दस्तावेज़ीकरण प्रस्तुत किया गया जो भौतिकी, रसायन विज्ञान, चिकित्सा और शरीर विज्ञान के क्षेत्र में किए गए वैज्ञानिक कार्यों की जानकारी से भरपूर था। धन्यवाद ज्ञापन एवं शांतिपाठ के साथ कार्यक्रम की समाप्ति हुई।

डी. ए. वी. पब्लिक स्कूल, वेलचेरी, चेन्नई – 42

आभासी विश्व विज्ञान दिवस 2021



विज्ञान आधारित घरेलू उपचार



अवधारणाओं की व्याख्या – विज्ञान ट्रिक्स



दस्तावेज़ीकरण – नोबेल पुरस्कार विजेता